## खबर कोना

### मेरठ में ओवैसी की सभा को नहीं मिली मंजूरी

मेरठ,13 नवंबर (भाषा)।

आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुसलिमीन (एआइएमआइएम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद असदुद्दीन ओवैसी को मेरठ जिले के नौचंदी मैदान में शनिवार को जनसभा करने की अनुमति नहीं दी गई।पुलिस ने अनुमति नहीं होने का हवाला देकर रात में टेंट और अन्य सामान हटाने का काम शुरू किया,जिसका पार्टी कार्यकर्ताओं ने विरोध किया और कार्यकर्ता और पदाधिकारी थाने में धरना पर बैठ गए। बाद में पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंचे और उन्होंने कार्यकर्ताओं को शांत कराया और सभा के लिए कोई अन्य जगह चिह्नित करने की बात पर देर रात सहमति बनी। पुलिस अधीक्षक (शहर) विनीत भटनागर ने बताया कि नौचंदी मैदान पर जनसभा के लिए पार्टी कार्यकर्ता अनापत्ति प्रमाणपत्र नहीं दे पाए और न ही नगर निगम ने इसके लिए मंजूरी दी है, इसलिए नौचंदी मैदान में जनसभा की अनुमति नहीं दी गई।

### मायावती की मां का निधन

लखनऊ, 13 नवंबर (भाषा)।

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती की मां रामरती का शनिवार को दिल्ली में हृदय गति रुकने से निधन हो गया। बसपा ने यहां जारी एक बयान में कहा कि 92 वर्षीय रामरती की राष्ट्रीय राजधानी के एक अस्पताल में मौत हो गई जहां उनका इलाज चल रहा था। बयान में कहा गया है कि बसपा अध्यक्ष अपनी मां के निधन की सूचना मिलने के तुरंत बाद दिल्ली के लिए रवाना हो गईं। रविवार को वहां रामरती का अंतिम संस्कार किया जाएगा। पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पार्टी अध्यक्ष की मां के निधन पर शोक व्यक्त किया है। करीब एक साल पहले मायावती के पिता प्रभु दयाल का 95 साल की उम्र में निधन हो गया था।

## युवक की लाठी-डंडे से पीटकर हत्या

चंदौली, 13 अक्तूबर (जनसत्ता)।

जनपद के अलीनगर थाना क्षेत्र में आपसी विवाद होने पर एक समुदाय के लोगों ने एक युवक की शनिवार को पीट-पीट कर हत्या कर दी। इसके बाद दो समुदाय के लोगों ने एक दूसरे पर पथराव किया। क्षेत्रीय विधायक ने आरोप लगाया है कि पुलिस की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ। पुलिस ने एक आरोपी कमला को गिरफ्तार कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सिकटिया चौराहे के समीप तारनपुर की एक बस्ती के निवासी बबलू की गुमटी थी। किसी ने बुधवार की रात उसमें आग लगा दी। इससे गुमटी जलकर राख हो गई। बबलू ने पास में ही मिठाई की दुकान चलाने वाले सिकटिया निवासी कमला व उनके परिजनों पर आग लगाने का आरोप लगाते हुए अलीनगर थाने में तहरीर दी थी। पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलाकर समझाकर मामला रफा दफा कर दिया था। लेकिन मामला सुलझा नहीं था। शुक्रवार की देर रात कमला की गुमटी में आग लग गई। इसकी जानकारी जब कमला को हुई तो वह शनिवार की सुबह परिजनों के साथ गुमटी के पास पहुंचा। बताया जाता है कि एक समुदाय के लोगों ने युवक विशाल की लाठी व डंडे से पिटाई की जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद दो समुदाय के लोगों ने एक-दूसरे पर पथराव किया।

पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, जिलाधिकारी संजीव सिंह और क्षेत्राधिकारी अनिल राय मय पुलिस बल मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने ग्रामीणों को समझा बुझा कर शांत कराया। पुलिस अधीक्षक ने लोगों से शांति बनाने की अपील करते हुए कहा कि घटना के हर पहलू की जांच की जाएगी और दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। वहीं मौके पर मुगलसराय की विधायक साधना सिंह भी पहुंचकर पीड़ित परिवार से मिलीं। उन्होंने अलीनगर पुलिस के खिलाफ लापरवाही की बात कही। हालांकि घटना के कुछ देर बाद ही कारवाई करते हुए पुलिस ने मुख्य आरोपी कमला को गिरफ्तार कर लिया अन्य लोगों की गिरफ्तारी

# तीन बेटियों के हत्यारे पिता को मौत की सजा

ललितपुर, 13 नवंबर (भाषा)।

उत्तर प्रदेश में ललितपुर की एक विशेष अदालत ने तीन बेटियों की हत्या के जुर्म में उनके पिता को मौत की सजा सुनाई है।

ललितपुर जिले के सहायक शासकीय अधिवक्ता राकेश तिवारी ने शनिवार को बताया कि अपर जिला व सत्र न्यायालय के विशेष न्यायाधीश निर्भय प्रकाश ने अभियोजन और बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद 13 नवंबर 2018 की रात घर में सो रही अपनी तीन नाबालिग बेटियों को हथौड़े मारकर घायल करने और उन्हें जिंदा जला देने के मामले में दोषी पाए गए छिदामी (35) को शुक्रवार को मौत की



*पिता* ने शराब के नशे में 13 नवंबर 2018 की रात घर में सो रही अपनी तीनों पुत्रियों के सिर पर हथौड़े से वार किए थे, इसके बाद रसोई गैस से घर में आग भी लगा दी थी,जिसमें तीनों झुलसकर मौत हो गई थी।

सजा सुनाई और उस पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया।

उन्होंने घटना की पृष्ठभूमि के बारे में बताया कि बानपुर थाना क्षेत्र के वीर गांव के रहने वाले छिदामी ने शराब के नशे में 13 नवंबर 2018 की रात घर में सो रही अपनी तीनों पुत्रियों के सिर पर हथौड़े से वार किए थे, इसके बाद रसोई गैस से घर में आग भी लगा दी थी,जिसमें तीनों बेटियां बुरी तरह झुलस गईं थीं।

तिवारी ने बताया कि घटना की जानकारी होने पर गांव के लोग तीनों बच्चियों को इलाज के लिए अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। इस मामले में ग्रामीण पूरन सिंह ने छिदामी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाई थी। घटना के समय छिदामी की पत्नी अपने मायके में थी।

# गरीबों की जेब काटकर अमीरों की तिजोरी भर रही सरकार : अखिलेश यादव

### सपा अध्यक्ष ने कहा, विधानसभा चुनाव लोकतंत्र और संविधान बचाने का चुनाव

गोरखपुर/लखनऊ, 13 नवंबर (भाषा)।

समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर जमकर प्रहार करते हुए दावा किया कि 'गरीबों की जेब काटकर भाजपा सरकारें अमीरों की तिजोरी भर रही है।' प्रदेश में अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान पर निकले यादव ने शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह क्षेत्र गोरखपुर में समाजवादी विजय रथ यात्रा के तीसरे चरण की शुरुआत करते हुए कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र और संविधान बचाने का चुनाव है।

यादव ने तीसरे चरण की यात्रा के लिए गोरखपुर को चुना। यादव ने भाजपा पर वादाखिलाफी के आरोप के साथ मुख्यमंत्री योगी का उपहास उड़ाते हुए कहा कि बाबा मुख्यमंत्री युवाओं को इसलिए लैपटाप नहीं दे रहे हैं, क्योंकि वह खुद इसे चलाना नहीं जानते हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने



कहा कि आजमगढ़ के लोग जानते हैं कि विकास कार्य किसने किया है और गोरखपुर की जनता भाजपा के अहंकार का बुखार उतार देगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने निषाद समुदाय, नाव चलाने वाले लोगों को भी धोखा दिया है। गोरखपुर में कोनी चौराहा के पास विजय रथ यात्रा के दौरान भाजपा को बेचू सरकार करार देते हुए यादव ने लोगों से बाबा साहब के संविधान, लोकतंत्र को बचाने और समृद्धि लाने के लिए सपा का समर्थन करने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा जा रही है और उसे कोई नहीं रोक सकता क्योंकि उसने (भाजपा ने) लोगों को धोखा दिया और जनता का अपमान किया है।

सपा मुख्यालय से लखनऊ में जारी एक बयान के अनुसार यादव की रथ यात्रा रजही मोड़ से शुरू हुई और जगदीशपुर में उनकी विशाल जनसभा हुई। कुशीनगर के झागा बाजार, रामकोला विधानसभा क्षेत्र के कप्तानगंज बाजार से डीसीएफ चौक पर, खड्डा विधानसभा क्षेत्र के पकरियापार बाजार में भी उनका भव्य स्वागत हुआ और उनकी जनसभाएं हुईं। यादव ने कहा कि नौजवानों, किसानों, महिलाओं, व्यापारियों, मजदूरों में भाजपा सरकार की नीतियों को लेकर आक्रोश और नाराजगी है और समाजवादी विजय रथ यात्रा प्रदेश में परिवर्तन के लिए निकाली जा रही है।

यादव ने दोहराया कि प्रदेश में समाजवादी सरकार बनने पर किसानों को सम्मान दिया जाएगा, फसलों का सही मूल्य मिलेगा, नौजवानों को नौकरी दी जाएगी, महिलाओं को पेंशन और सुरक्षा दी जाएगी और सभी वर्गों का सम्मान होगा।

## संतकबीर नगर में बकाया रुपए मांगने पर युवक की पिटाई, मौत

संतकबीरनगर, 13 नवंबर (जनसत्ता)।

जिले के महुली थाना क्षेत्र में दो दिन पहले बकाया रुपए मांगने पर एक पक्ष की पिटाई से घायल युवक की इलाज के दौरान शनिवार को मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। पुलिस अधीक्षक ने पहुंचकर मामले को शांत कराया।

महुली थाना क्षेत्र के ग्राम छितही के टोला सगडवा निवासी सुधीर मिश्र पुत्र राम चंद्र मिश्र ने अपने गांव के उस्मान पुत्र नबी रसूल से पिछले गुरुवार की शाम बकाया रुपए मांगा था। इस पर उस्मान के जरिए सुधीर की पिटाई करने का आरोप है। घायल सुधीर का इलाज चल रहा था और शनिवार को उसकी मौत हो गई।

## डाक्टर के घर से साढ़े चार लाख लूटे

बहराइच, 13 नवंबर (जनसत्ता)।

जनपद बहराइच के थाना रुपईडीहा स्थित भारत-नेपाल सीमा के चकिया रोड पर रहने वाले निजी चिकित्सक के घर बीती रात असलहों से लैस बदमाशों ने धावा बोल दिया। घर में मौजूद बेटे को असलहे की नोंक पर बंधक बनाकर नकदी व जेवरात समेत तकरीबन साढ़े चार लाख रुपए लूट ले गए।

क्षेत्राधिकारी डाक्टर जंग बहादुर यादव ने बताया कि कस्बे के चकियारोड स्थित मुसलिम बाग मुहल्ला निवासी रजा के मकान में डा. सुकांत राय किराए पर रहते हैं। वे बीती रात 10.30 बजे मालगोदाम स्थित अपनी ससुराल में मरीज देखने गए थे। आरोप है कि घर में 12 वर्षीय पुत्र दीपक मौजूद था। छत के रास्ते आंगन में दाखिल हुए बदमाशों ने कमरे का दरवाजा तोड़ कर घर में घुस गए। बदमाशों ने बालक पर असलहा तानकर उसे जानमाल की धमकी देते हुए बंधक बना लिया। बदमाश घर में बक्से में रखी तीन लाख 45 हजार की नकदी, सोने की जंजीर, अंगूठी व पांच चांदी के सिक्के लूटकर फरार हो गए। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है।


**KHANDELWAL EXTRACTIONS LIMITED**

CIN : L24241UP1981PLC005282 ; Regd. Office: 51/47, Naya Ganj, Kanpur- 208 001

EXTRACT OF STATEMENT OF UN-AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED 30.09.2021

Rs./Lacs

| Sl. No. | Particulars | 3 Months Ended 30.09.2021 Unaudited | Half Year Ended 30.09.2021 Unaudited | Corresponding 3 Months Ended 30.09.2020 Unaudited |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Total income from operations | 0.90 | 0.90 | - |
| 2. | Net Profit/(Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | (11.22) | (19.88) | (10.33) |
| 3. | Net Profit/(Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 95.63 | 86.97 | (10.33) |
| 4. | Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 95.63 | 86.97 | (10.33) |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)] | 95.63 | 86.97 | (10.33) |
| 6. | Paid-up Equity Share Capital (Face value of Rs. 10/- per share) | 85.01 | 85.01 | 85.01 |
| 7. | Reserves (excluding Revaluation Reserve) | - | - | - |
| 8. | Basic & Diluted Earnings per share (of Rs.10/- each) (For continuing and discontinuing operations) (Not Annualised) (in Rs.) | 11.25 | 10.23 | (1.22) |

Note: The above is an extract of the detailed format of Quarterly/Half Yearly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full formats of the Quarterly/Half Yearly Financial Results are available on the Stock Exchange website: www.bseindia.com and on the Company's website: www.khandelwalextractions.com.

For and on behalf of the Board of Directors
Dinesh Khandelwal
Director (Finance & CFO)
DIN: 00161831

Place: KANPUR
Date: 13.11.2021


## पंचनद स्नान मेला के लिए ग्रामीणों का उत्साह चरम पर

रामपुरा(जालौन), 13 नवंबर (जनसत्ता)।

देश के अद्भुत संगम पंचनद पुण्य तीर्थ पर स्नान करने की वार्षिक तिथि निकट आते ही क्षेत्रीय लोगों में अजीब उत्साह देखने को मिल रहा है।

बुंदेलखंड की वीर भूमि के उत्तर पश्चिम के अंतिम छोर पर पंचनद का यह पवित्र स्थल पांच नदियां यमुना, चंबल, सिंधु, कुवांरी, पहूज का संगम तीर्थ है। प्रतिवर्ष कार्तिक की पूर्णिमा पर यहां लाखों श्रद्धालु पंचनद के पवित्र जल में डुबकी लगाकर तट पर बने तपोनिष्ठ सिद्ध संत मुकुंदवनजी महाराज के दर्शन करके अपनी मनोकामना पूर्ण करते हैं। आसपास के दर्जनों जनपदों के बाशिंदे कार्तिक पूर्णिमा पर यहां आकर यमुना आरती करके पंचनद के जल में स्नान करते हैं।

इस वर्ष कार्तिक की पूर्णिमा 19 नवंबर की होने पर 18 नवंबर की शाम 6 बजे पंचनद पर यमुना जी की महाआरती होने के बाद मध्यरात्रि 12 बजे से स्नान प्रारंभ हो जाएगा। प्रातः 4 बजे पचंनद के मिश्रित जल में पांचों नदियों की अलग-अलग धाराएं विभिन्न रंगों की दिखाई देती है जो अद्भुत है।


**Piramal Capital & Housing Finance**

**पीरामल कैपिटल एण्ड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

**(पूर्व में दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लि. के रूप में अभिज्ञात) सीआईएनः एल65910एमएच1984पीएलसी032639**

**पंजीकृत कार्यालय :** यूनिट नं.-601, 6ठवां तल, पीरामल अमिति भवन, पीरामल अगस्त्य कॉर्पोरेट पार्क, कमानी जंक्शन, फॉयर स्टेशन के सम्मुख, एलबीएस मार्ग, कुर्ला (पश्चिम), मुंबई-400070, दूरभाषः 91 22 3802 4000
**क्षेत्रीय कार्यालय :** कार्यालय-सं. 211 एवं 212, द्वितीय तल 'टाइटेनियम' शालीमार कॉर्पोरेट पार्क, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010
**सम्पर्क हेतु व्यक्ति :** 1. श्री विवेक सिंह (मोबाइलः 9369338960) 2. नीलामी सेवा प्रदाता "नेक्सन सोल्यूशन्स प्रा. लि." (मोबाइलः 9810029926)

**ई-नीलामी विक्रय सूचना—आगामी विक्रय**

पीरामल कैपिटल एण्ड हाउसिंग फाइनेंस लि. (पूर्व में दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लि. के रूप में अभिज्ञात) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा, उधारकर्ता/ओं की ओर बकाया देयराशि की वसूली हेतु, वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत, यहां नीचे वर्णित प्रतिभूत परिसम्पत्ति का कब्जा लेने के अनुपालन में, अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा यहां नीचे विवरणितानुसार अचल सम्पत्ति, जो कि भौतिक कब्जा के अंतर्गत है, के 'जैसी है जहां है आधार', 'जैसी है जो है आधार' तथा 'वहां जो कुछ भी है आधार', जिसके विवरण नीचे दिए गए है, क्रयार्थ मोहरबंद लिफाफों में प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैंः-

| उधारकर्ता(ओं)/ सह-उधारकर्ता(ओं)/ गारंटर(रों) | मांग सूचना तिथि एवं राशि | अचल सम्पत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य (आरपी) | धरोहर राशि जमा (धराज) (आरपी का 10 प्रतिशत) | कुल बकाया ऋण नवंबर 2021 के अनुसार |
|---|---|---|---|---|---|
| (एलसी सं.: 00044037, लखनऊ लाल. बाग-शाखा की) राकेश कुमार मेदिरत्ता/मोना मेदिरत्ता | 27.12.2018, रु. 48,12,265/- (रुपए अड़तालिस लाख बारह हजार दो सौ पैंसठ मात्र) | निम्न सम्पत्ति के समस्त भाग तथा अंश : भूखण्ड सं. 7 खसरा सं. 13 एसए मिंज ग्राम सेमरा गौरही वार्ड फैज्जुलागंज लखनऊ लखनऊ उत्तर प्रदेश-226020 | रु. 50,00,000/- (रुपए पचास लाख मात्र) | रु. 500000/- (रुपए पांच लाख मात्र) | रु. 49,04,997/- (रुपए उनचास लाख चार हजार नौ सौ सत्तानबे मात्र) |

**ई-नीलामी के नियम एवं शर्तें निम्नानुसार हैं :**

1. ई-नीलामी का आयोजन "जैसी है जहां है आधार", "जैसी है जो है आधार" तथा "वहां जो कुछ भी है आधार" पर किया जाएगा तथा "ऑनलाइन" आयोजन किया जाएगा। नीलामी जो है वो पीसीएचएफएल अनुमोदित नीलामी सेवा प्रदाता "नेक्सन सोल्यूशन्स प्रा.लि." के माध्यम से संचालित की जाएगी।
2. निविदा/मोहरबंद बोली/प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि, धराज एवं केवाईसी के साथ निर्धारित निविदा प्रपत्रों में, यहां इसमें उपरोक्त वर्णित क्षेत्रीय कार्यालय में 29.11.2021 को 5.00 बजे तक है। निविदाएं जो पूरी तरह भरी नहीं गई होंगी अथवा अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होनेवाली निविदाएं अवैध निविदा मानी जाएगी तथा उन्हें तदनुसार निरस्त कर दिया जाएगा। धराज पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।
3. सम्पत्ति हेतु ई-नीलामी की तिथि 30.11.2021 है जो वेब पोर्टल (http://Disposalhub.com) पर 11.00 बजे से लेकर के 2.00 बजे तक 5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तारों के साथ होगी।
4. निविदा/मोहरबंद बोली/प्रस्ताव प्राधिकृत अधिकारी की उपस्थिति में खोले जाएंगे।
5. अचल सम्पत्ति के अवलोकन की तिथि 23.11.2021 को 11.00 बजे से 04.00 बजे के मध्य निर्धारित है।
6. निविदक/ऑनलाइन बोलीदाता एतद्द्वारा सहमत है कि यदि वह एक बार प्राधिकृत अधिकारी के पास एक अर्हक निविदा औपचारिक रूप में पंजीकृत कर चुका है, तो उसे इस प्रलेख को जमा करके, ई-नीलामी बोलीदान मंच के माध्यम से प्रतिभागिता करने की अपनी अभिरुचि प्रकट करनी होगी। यह निविदक की/ऑनलाइन बोलीदाता का एकमात्र उत्तरदायित्व होगा कि वह नीलामी सेवा प्रदता से अपनी लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड की अधिप्राप्ति कर ले।
7. सूचना में बकाया राशि पर ऋण अनुबंध के अनुसार, लागू अनुसार भावी ब्याज तथा आकस्मिक व्ययों, लागतों, इत्यादि, जो कि इसकी वसूली होने तक देय एवं भुग्तेय हैं, का प्रभार वसूल किया जाएगा।
8. एतद्द्वारा उधारकर्ता/ओं तथा गारंटर/रों को सूचित किया जाता है कि वे विक्रय के नियमों एवं शर्तों के विवरणों के अनुसार, यहां इसमें उपरोक्त विवरणितानुसा, अचल सम्पत्ति का क्रय करने के लिए इच्छुक क्रेताओं/खरीददारों को साथ ला सकते हैं।
9. उधारकर्ता(ओं/सह-उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(रों) को एतद्द्वारा सरफॉएसि अधिनियम 2002 के अंतर्गत (15 दिवसीय) विक्रय सूचना दी जाती है कि वे नीलामी से पूर्व उपरोक्तानुसार वर्णित राशि का भुगतान कर दें। भुगतान करने में विफल होने पर अचल सम्पत्ति की नीलामी कर दी जाएगी तथा शेष, यदि कोई हो, की वसूली ब्याज एवं लागतों के साथ की जाएगी। यदि उधारकर्ता, पीरामल कैपिटल एण्ड हाउसिंग फाइनेंस लि. को देय-भुग्तेय राशि का विक्रय की तिथि से पूर्व पूर्णतः भुगतान कर देते हैं तो नीलामी को रोक दिया जाएगा।
10. नीलामी विक्रय की विस्तृत नियम एवं शर्तें जो हैं निर्धारित निविदा प्रपत्र में उल्लिखित हैं। निविदा प्रपत्र उपरोक्त वर्णित राष्ट्रीय/क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों में उपलब्ध हैं।
11. अचल सम्पत्ति जो है वो ई-नीलामी में सर्वोच्च निविदक/बोलीदाता को बेची जाएगी। प्राधिकृत अधिकारी के पास न्यूनतम बोली वृद्धि राशि के साथ परस्पर बोलीदान करने की अनुमति प्रदान करने का पूर्ण विवेकाधिकार सुरक्षित है। सम्पत्ति जैसे कि वर्णित है, आरक्षित मूल्य से कम पर उसका विक्रय नहीं किया जाएगा।
12. निविदक(कों)/प्रस्तावक(कों)/प्रस्तावित बोलीदाता(ओं)/क्रेता(ओं) को एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि प्रतिभूत परिसम्पत्ति का विक्रय जो है वो भारग्रस्तताओं तथा संवैधानिक प्राधिकरण को भुगतानयोग्य देयराशियों (यदि कोई) के साथ किया जाएगा तथा उनसे यह अनुरोध भी उनके स्वयं के हित में किया जाता है कि वे निविदाएं जमा करने से पूर्व उपरोक्त तथा उपरोक्त वर्णित प्रतिभूत परिसम्पत्ति से संबंधित अन्य सुसंगत विवरणों के संबंध में स्वयं/अपने आप/खुद को संतुष्ट कर लें।
13. **पीसीएचएफएल, ऊपर वर्णितानुसार सम्पत्ति पर बकाया किसी दायित्व, जो कुछ भी हो, हेतु उत्तरदायी नहीं है। सम्पत्ति का विक्रय 'जैसी है जहां है आधार', 'जैसी है जो है आधार' तथा 'वहां जो कुछ भी है आधार' पर किया जाएगा।**
14. कुल बकाया ऋण राशि जो है वो ऋण मोचन-निषेध (फोरक्लोजर) राशि नहीं है। समस्त अन्य प्रभारों (यदि कोई हों) की संगणना ऋण के समापन के समय पर की जाएगी।
15. डिमांड ड्राफ्ट "पीरामल कैपिटल एण्ड हाउसिंग फाइनेंस लि." के पक्ष में ही बनाए जाने चाहिए।
16. जहां कहीं लागू है, यह उत्तरदायित्व नीलामी क्रेता का होगा कि रु. 50 लाख के बराबर की एवं इससे अधिक की राशि पर विचार करते हुए अचल सम्पत्ति के हस्तांतरण पर स्थानीय स्वामी की ओर से कुल विक्रय प्राप्ति की 1 प्रतिशत की दर पर स्रोत पर कर (टीडीएस) की कटौती करे तथा आय कर अधिनियम की धारा 194 आईए के अंतर्गत इसे समुचित प्राधिकरण के पास जमा करे।

अन्य विवरणों के लिए कृपया प्राधिकृत अधिकारी को ऊपर वर्णित कार्यालय पते पर संपर्क करें।

**दिनांक : 14.11.2021**
**स्थान : लखनऊ**

**कृते पीरामल कैपिटल एण्ड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**
**प्राधिकृत अधिकारी**


# बदमाश की गोली मारकर हत्या, दो गिरफ्तार

बरेली, 13 नवंबर (जनसत्ता)।

थाना फरीदपुर क्षेत्र में एक 'हिस्ट्रीशीटर' बदमाश की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण ने बताया कि मृतक के खिलाफ हत्या, लूट और दूसरे अपराधों के 11 मुकदमें चल रहे थे। मृतक के परिजनों की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

थाना फरीदपुर की पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक थाने का हिस्ट्रीशीटर अपराधी चरण सिंह उर्फ चौधरी यादव शुक्रवार की देर शाम अपनी पत्नी शकुंतला और साले नन्हें के साथ कस्बे में आयोजित एक धार्मिक समारोह में शामिल हुआ था। वहां से वापस अपने घर लौटते समय रास्ते में घात लगाए बैठे कुछ लोगों ने अचानक उसपर गोलियां चला दी जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पत्नी शकुंतला लहुलुहान हालत में अपने पति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले गई जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

मृतक की पत्नी शकुंतला ने पुलिस को बताया कि महेंद्र के बेटे राजेश ने पुरानी रंजिश में चरण सिंह, विक्रांत और अनिल ने गोलीबारी कर उनके पति की हत्या की है। पुलिस के मुताबिक कई साल पहले मृतक चौधरी यादव ने महेंद्र का सिर ईंट से कुचलकर उसकी हत्या की थी। इस हत्या के आरोप में वह जेल भी गया था।

इस मुकदमे में अदालत से जमानत पर छूटा हुआ था। महेंद्र की हत्या के समय उसका बेटा राजेश नाबालिग था। अपने पिता की मौत का बदला लेने के लिए राजेश ने अब अपने साथियों के साथ मिलकर चरण सिंह की हत्या की है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बाकी आरोपियों की तलाश में दबिशें डाली जा रहीं है।

## कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य 15 से खुलेगा

बहराइच, 13 नवंबर (जनसत्ता)।

जनपद बहराइच के वन्यजीव क्षेत्र कतर्नियाघाट वन्य जीव विहार में आने वाले पर्यटकों को इस बार बाघ ही नहीं हाथी व गैंडा भी लुभाएंगे। नेपाल के वनों की कटान से हाथियों व गैंडों का रुख भारतीय सीमा के जंगलों की ओर हो चुका है। वन्य जीव विहार के जरिए 15 नवंबर को खोल दिए जाएंगे। इस संबंध में प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने आदेश जारी कर दिया है।

कतर्नियाघाट भ्रमण पर आएं और सबसे पहले मोतीपुर एवं ककरहा ईको पर्यटन परिसर में जाएं। जंगल सफारी के दौरान वन्य जीवों के साथ ही जंगल का शांत वातावरण भी सम्मोहित करेगा। तकरीबन 35 बाघों की उपस्थिति के चलते पर्यटकों का पसंदीदा यह वन्य जीव विहार अब तेंदुओं, हाथियों, गैंडों के साथ ही अन्य दुर्लभ प्रजाति के जीवों के लिए अपनी खास पहचान बना रहा है। यहां 75 से अधिक तेंदुए तो हैं ही, हाथियों की संख्या भी 70 के आसपास बताई जा रही है। यहां गैंडे छह से आठ के आसपास हैं। यहां बहुतायत संख्या में विचरण करते मृग की प्रमुख प्रजातियां चीतल, पाढ़ा, कांकर, बारहसिघा आदि पर्यटकों को रोमंचित करती हैं।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में स्वीकृत मकानों में आधे ही बने, जांच होगी

सहारनपुर, 13 नवंबर (जनसत्ता)।

सहारनपुर जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना बेघर लोगों की चाहत और घर मिलने के सपने पूरे नहीं कर पाई है। जिले में 2017-18 से संचालित इस योजना में चार सालों के दौरान 25728 लोगों के मकानों को मंजूरी दी गई थी लेकिन 13918 मकान ही पूरे हो पाए हैं। सहारनपुर जिले के दौरे पर आए जिले के नोडल अधिकारी प्रदेश के अपर मुख्य सचिव डा. रजनीश दूबे के सामने डूडा की लापरवाही सामने आई तो उन्होंने जांच का आदेश दिया।

नोडल अधिकारी दूबे ने शनिवार को बताया कि पीडब्लूडी के अधिशासी अभियंता को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है। उन्होंने जिले के अधिकारियों को एक पखवाड़े के भीतर रैन बसेरों को तैयार करने का निर्देश दिया है। उन्होंने जिलाधिकारी अखिलेश सिंह, नगरायुक्त ज्ञानेंद्र सिंह, सीडीओ विजय कुमार, लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग के आला अफसरों के साथ

*साल* 2017-18 से संचालित इस योजना में 25728 मकान स्वीकृत हुए हैं लेकिन 13918 मकान ही पूरे हुए हैं।
*योजना* की किश्तें नहीं मिलने से किराए पर रहने को विवश बेघर लोग अपर मुख्य सचिव दूबे ने जांच का आदेश दिया।

विभिन्न विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने स्पोर्ट्स स्टेडियम का निरीक्षण किया और निर्माण कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पोर्ट्स स्टेडियम में 400 मीटर का रनिंग ट्रेक भी देखा। उन ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन बनाने के निर्माण स्थल का चयन एक सप्ताह के भीतर करने का आदेश दिया जहां अभी भवन नहीं बन पाए हैं। उन्होंने निर्माणाधीन पंचायत भवनों के निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश भी दिया। डूडा में व्याप्त लापरवाहियों की जांच सीडीओ विजय कुमार करेंगे।

प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को तीन किश्तों में ढाई लाख रुपए की मदद दी जाती है। अनेक लोगों ने इस योजना में मकान नहीं मिलने पर मजबूरी में या तो किराए के मकानों की तलाश की या फिर बेघर होने के चलते इधर-उधर आश्रय लिया। पक्के घर की चाह में ऐसे हजारों लोगों को मायूसी हाथ लगी। कुछ मकान ऐसे भी हैं जहां समय पर किश्त नहीं मिलने से दरवाजे और खिड़की आदि नहीं लग पाए हैं।

**ओवरब्रिज का निर्माण होगा :** सेतू निगम के परियोजना प्रबंधक सत्येंद्र सिंह ने शनिवार को बताया कि स्टार पेपर मिल रोड पर स्थित रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज बनाने के लिए शासन ने पहली किश्त के रूप में 5 करोड़ 70 लाख रुपए जारी कर दिए हैं और एक पखवाड़े के भीतर निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। परियोजना प्रबंधक ने बताया कि 75 करोड़ 37 लाख रुपए की लागत इस ओवरब्रिज के निर्माण कार्य में आएगी। पेपर मिल गेट के सामने डीएम आवास पर ओवरब्रिज का निर्माण होगा। इससे हजारों लोगों को जाम से राहत मिलेगी और यातायात सुगम हो जाएगा।